UPBS120000671988

**न्यायालय CIVIL JUDGE (J.D. KLD. at BASTI), Basti**

**पीठासीन अधिकारी–** (ABHA RANI) **- उ०प्र० न्यायिक सेवा – UP04637**

Original Suit/368/1988

**Suryabali Mishra Vs. Gram sabha**

दिनांक–25.07.2026

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर वादी अनुपस्थित। प्रतिवादी उपस्थित। पत्रावली लंच के बाद पेश हो।

**लंच बाद –**

पत्रावली पुनः पेश हुई। बार–बार पुकार कराये जाने पर वादी अनुपस्थित। आदेश पत्रक के अवलोकन से विदित होता है कि उपरोक्त पत्रावली पिछले कई वर्षों से नकल नक्शा दाखिल करने हेतु लंबित है तथा वादी को दिनांक 05.09.2024 (1.5 साल से अधिक) को नक्शा दाखिल करने हेतु अंतिम अवसर दिया गया था। बावजूद वादी द्वारा आजतक नकल नक्शा दाखिल नहीं किया गया। पूर्व में वादी को न्यायालय द्वारा दिनांक 05.02.2026 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर वाद पर बल देने हेतु अंतिम अवसर दिया गया था। इसके बावजूद वादी द्वारा वाद पर बल नहीं दिया गया। वादी आज भी अनुपस्थित हैं तथा वादी की ओर से कोई स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि वादी को वाद की कार्यवाही अग्रसारित करने में कोई रूचि नहीं है न ही वादी वाद पर बल देना चाहता है। उपरोक्त परिस्थितियों में वाद खारिज किए जाने योग्य है।

**आदेश**

प्रस्तुत पत्रावली वादी की अनुपस्थिति में खारिज की जाती है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

दिनांक–25.07.2026

**(आभा रानी)**
**सिविल जज (जू०डि०),**
**खलीलाबाद, स्थान–बस्ती**